राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 मार्च। भाजपा की केन्द्र सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति तथा विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने हेतु संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा महात्मा गाँधी की प्रतिमा के समक्ष प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक सत्याग्रह किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा जयपुर में बनीपार्क स्थित कलेक्ट्रेट पर आयोजित संकल्प सत्याग्रह में प्रात: 10 बजे सायं 5 बजे तक शामिल रहे।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर में सत्य की तथा लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी देश की जनता के मुद्दे केन्द्र सरकार के समक्ष उठा रहे हैं तथा देश के लोगों की आवाज बनकर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी ने पूरे देश में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध बढ़ती मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग, समाज में बढ़ते विखण्डन तथा अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये जिससे भाजपा की केन्द्र सरकार व्यथित है। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिये उठाये मुद्दों पर बात करने की बजाए भाजपा की केन्द्र सरकार लगातार विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने हेतु संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी संसद में अडानी के कम्पनियों में 20 हजार करोड़ रूपये के घोटाले तथा अडानी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रिश्ते पर प्रश्न पूछ रहे हैं, श्री राहुल गाँधी ने प्रश्न किया है कि प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं तो उस देश के महत्वपूर्ण ठेके अडानी को क्यों मिल जाते हैं, इन प्रश्नों से बचने के लिये अलोकतांत्रिक तरीके से श्री राहुल गाँधी की लोकसभा से सदस्यता को समाप्त कर लोकतंत्र की हत्या करने का काम भाजपा की केन्द्र सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी की लोकसभा की सदस्यता को समाप्त

2.........

Created by Universal Document Converter

करने का निर्णय देश के लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी सत्य के लिये लड़ रहे हैं तथा उनकी यह लड़ाई निडरता के साथ जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जब से सत्ता में आये हैं देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिये अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, किन्तु कांग्रेस ने कभी उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के अब तक के इतिहास में सबसे अकर्मण्य प्रधानमंत्री के रूप में जाने जायेंगे। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी के परिवार ने अपने खून से देश को सींचने व लोकतंत्र को बचाने का कार्य किया है तथा आज की परिस्थिति में उन पर आई विपदा के समय सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर श्री राहुल गाँधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सत्य की लड़ाई में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जो आज श्री राहुल गाँधी की सत्य की लड़ाई में शामिल होगा वही कांग्रेस पार्टी में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने हेतु कांग्रेस का संघर्ष अभी प्रारम्भ हुआ, सभी कांग्रेसजन लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को ईलाज के लिये विदेश भेजने का कार्य कांग्रेस सरकार ने किया था किन्तु आज भाजपा की सरकार में श्री राहुल गाँधी को बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर केन्द्र सरकार की फासीवादी नीतियों तथा अलोकतांत्रिक निर्णयों से जनता को अवगत करवायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर संघर्ष करते हुये केन्द्र से फासीवादी मोदी सरकार की 2024 में विदाई सुनिश्चित करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter